Title: Need to restart the factories of Cement Corporation in Uttar Pradesh and requests the Central Government to allocate funds to pay wages to the labourers.

श्री रामशकल (राबर्टसगंज) : सभापति जी, सीमेंट निगम की फैक्टिरयों के बंद होने से ६ हजार मजदूरों पर बहुत बड़ा संकट आ गया है। उनको आठ महीने से वेतन नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में पूरी परियोजना बैठ गयी है। उत्तर प्रदेश के जिन मजदूरों को आठ महीने से वेतन नहीं दिया गया है, वे आज भुखमरी के कगार पर हैं। १५०० मजदूर विधान सभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे जिनमें एक मजदूर मर गया। इस प्रकार अधिकारियों की लापरवाही के चलते पूरा प्रोजैक्ट घाटे में चला गया। उत्तर प्रदेश में जब श्री मुलायम सिंह की सरकार थी तब उन्होंने उसे अपने मित्र श्री डालमिया को दे दिया परन्तु जब श्री कल्याण सिंह की सरकार आई तो वे उसे पुनः सार्वजनिक क्षेत्र में लाये, तब से यह प्रोजैक्ट ठीक से चल रहा था लेकिन जब दुबारा मुलायम सिंह जी मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने उसे दुबारा उसी स्थिति में खड़ा कर दिया।

मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इसे चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करायें और जिन मजदूरों को आठ महीने से वेतन नहीं मिला है, उन्हें तत्काल वेतन देने का प्रयत्न किया जाये।